शहीद जगदीश सिंह को श्रद्धांजलि दी

बोरावड, (निसं.)। निकटवर्ती ग्राम चावंडिया में राइफलमैन शहीद जगदीश सिंह राठौड़ की 52वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में समारोह पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद परिवार के सदस्य संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच मिनट का मौन रखकर राष्ट्रगान के साथ शहीद जगदीश सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। मुख्य अतिथि डीडवाना जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजेन्द्र सिंह जोधा रहे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए कर्नल जोधा ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को देश कभी भूल नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों के परिवार व सैनिकों का सम्मान करना देश के प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। समारोह के बाद पूर्व सैनिकों से चर्चा करते हुए पूर्व सैनिक व उनके परिजनों की समस्याएं सुनी तथा पूर्व सैनिकों की मांग पर कुचामन की आर्मी कैंटीन का अमाउंट बढ़वाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कर्नल अनिरुद्ध सिंह जोधा, कर्नल ईश्वर सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों नेश्रद्धासुमन अर्पित किए।

आगजनी में सोने चांदी के आभूषण, नकदी जली

रूपनगढ, (निसं)। रूपनगढ़ के काठोदा मार्ग पर स्थित एक कुएं पर बने दो भाइयों के कच्चे मकानों में अज्ञात कारणों के चलते शुक्रवार को दिन में भीषण आग लग गई।

आगजनी में दोनो भाईयो का सब कुछ जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैतान पुत्र रंगलाल गुर्जर व भंवर लाल पुत्र रतन गुर्जर निवासी काठोदा के कुएं पर बने कच्चे मकानों में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमे सोने चांदी के गहने, गेहूं व बाजरा की बोरियां, कपड़े बिस्तर, खाने पीने का सामान, आटा चक्की, फ्रीज, कुलर, पखे, चारा, बक्से सहित 65 हजार रुपए आग में जलकर राख हो गए।

■ आग में सोने चांदी के गहने, गेहूं व बाजरा की बोरियां, कपड़े बिस्तर, खाने पीने का सामान आदि जल गया

आगजनी की सूचना पर थाने के एएसआई गोपाराम व पटवारी रामस्वरूप जाट मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। आगजनी की सूचना पर भदून सरपंच अनिल चौधरी, नरेश छापरवाल, सोहन मालाकार सहित कई भामाशाह मौके पर पहुंचे और पीडि़त परिवार की आर्थिक मदद की।

रूपनगढ़ के काठोदा मार्ग पर स्थित एक कुएं पर बने दो भाइयों के कच्चे मकानों में आग लगने से घरेलू सामान जल गया।

मीणा केकड़ी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

केकड़ी, (निसं)। केकडी जिला बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुए। अध्यक्ष पद सहित अन्य पदो के लिए सुबह 10 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ हुई जो सायं 3 बजे खत्म हुई मतदान के तुरन्त मतो की गणना की गई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए इस बार त्रिकोणीय मुकाबला रहा, जिसमें रामावतार मीणा ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी को 12 मतो से पराजित किया तथा विजय हासिल की वहीं अन्य पदो के लिए भी इस बार उम्मीदवारो में कांटे की टक्कर रही।

उपाध्यक्ष पद के लिए घनश्याम वैष्णव ने अपने प्रतिद्वंदी को 3 मतो से पराजित कर जीत हासिल की जबकि महासचिव पद पर लैंसी झंवर 7 मतो के अन्तर से विजय रहे। सामाजिक एवं कल्याण सचिव पद के लिए सोनिया सैन ने 2 मतो से जीत हासिल की। इसी प्रकार वित सचिव पद पर हरिराम चौधरी ने 82 मतो के अन्तर से व पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए रामप्रसाद कुमावत 48 मतो के अन्तर से जीत दर्ज की जबकि कार्यकारिणी सदस्य के चार पदो पर भारती पोपटानी, शैलेन्द्र देवडा, प्रणपाल सिंह व पवन प्रजापत जीत हासिल की। बार चुनाव में जीत का अन्तर कम रहने से कई पदो पर दुबारा मतगणना की गई।

भीलवाड़ा में लोक अदालत आज

भीलवाड़ा, (निसं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार 09 दिसम्बर शनिवार को इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने जिले के सभी न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय के सिविल, फौजदारी प्रकरणों के अलावा राजस्व मामलों को भी राजीनामें के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा।

जिले में चिन्हित प्रकरणों के राजीनामें हेतु जिले में 20 बैंच बनाई गई हैं जिसमें न्यायिक अधिकारी एंव राजस्व अधिकारी एवं अनुभवी अधिवक्ता सदस्य द्वारा पक्षकारों में समझाईस कर प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव राजपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य सभी प्रकृति के मुकदमो को निस्तारण ऑनलाइन के साथ साथ ऑफलाइन भी किया जाएगा। प्राधिकरण सचिव ने आमजन से अपील की है कि मुकदमा पूर्व में रखी गई बैंक, बिजली, पानी व अन्य संस्था के प्रकरणों में मूल राशि से भी कम व ब्याज माफ कर मामलो का हाथों हाथ फैसला किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों को साथ साथ बैठाकर आपसी बातचीत व राजीनामें के आधार पर विवाद को निस्तारण का प्रयास किया जाता है।

कार्यालय नगर परिषद ब्यावर

क्रमांक / नियमन/23-24 /1161 — आम सुचना — दिनांक 08/12/23

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रभात माछर पुत्र श्री नरेन्द्र माछर जरिये मुख्तार आम श्री नरेन्द्र कुमार माछर पुत्र श्री राधाकिशन माछर निवासी नृसिंह मन्दिर गली, ब्यावर ने राजस्व ग्राम नयानगर के खसरा संख्या 1058 में स्थित शांति नगर के भूखण्ड संख्या 34 का पूर्वी भाग (34 डी) कुल क्षेत्रफल 167.25 वर्गगज भूमि के आवासीय फ्री होल्ड पट्टा विलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण में तकनीकी अधिकारियों की रिपोर्टानुसार स्वीकृत लेआउट प्लान अनुसार भूखण्ड का क्षेत्रफल 131.89 वर्गगज एवं मौका रिपोर्ट अनुसार 167.25 वर्गगज प्राप्त हो रहा है। प्रकरण में राज्य सरकार नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक प. 17 (1) नविवि/ अभियान / 2021 दिनांक 20.09.2021 के आदेश के अनुसार अधिक भूमि की राशि राजकीय भूमि की दर से लिये जाने के आदेश प्रसारित है जिसके अनुसार प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 34 का पूर्वी भाग (34 डी) कुल क्षेत्रफल 167.25 वर्गगज अधिक भूमि का आवासीय पट्टा विलेख दिया जाना है इस बावत् किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपति प्रस्तुत कर सकते है । अन्यथा बाद मियाद आपति विचारणीय नही होगी ।

सीमायें (मौका रिपोर्ट के अनुसार)
पूर्व - सूरज कॉलोनी — पश्चिम - प्लाट नं. 34 ए, 34 बी, 34 सी
उत्तर - अन्य की भूमि — दक्षिण - रोड 30 फीट

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय नगर परिषद ब्यावर

क्रमांक/नियमन/23-24/1000 — आम सूचना — दिनांक : 22.9.2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्रीमति रूकमणी पत्नि श्री नरहरी प्रसाद निवासी मारवाड जंक्शन पाली ने राजस्व ग्राम मेडिया के खसरा नम्बर 118, 121, 123 में स्थित लक्ष्मी विहार के भूखण्ड संख्या 44 कुल क्षेत्रफल 151.11 वर्गगज भूमि के आवासीय पट्टा विलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के साथ सलंग्न इकरारनामा अपंजीकृत है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपंजीकृत इकरारनामा के आधार पर भूखण्ड संख्या 44 कुल क्षेत्रफल 151.11 वर्ग गज के पट्टा विलेख बाबत् किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपति विचारणीय नही होगी ।

सीमायें (साईट प्लान के अनुसार)
पूर्व : प्लाट नं. 43 — पश्चिम : प्लाट नं. 45
उत्तर : रोड 25 फीट — दक्षिण : प्लाट नं. 30

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

'फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिए 14 खरीद केन्द्र खोले जायेंगे'

भीलवाड़ा, (निसं.)। भारतीय खाद्य निगम, जिला कार्यालय, अजमेर के अधीनस्थ राजस्व जिलों अजमेर, भीलवाड़ा में रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद अधिक से अधिक मात्रा में करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में सभी किसानों को अपनी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके। इस हेतु भारतीय खाद्य निगम द्वारा अजमेर तथा भीलवाड़ा जिले में कुल 14 खरीद केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित है।

मण्डल प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, मण्डल कार्यालय अजमेर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा प्रस्तावित खोले जाने वाले खरीद केन्द्रों में अजमेर जिले के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम, अजमेर एवं किशनगढ केन्द्र, जिला ब्यावर में बिजयनगर, जिला भीलवाडा अन्तर्गत भीलवाड़ा (कृषि मण्डी), गुलाबपुरा, भा. खा. नि. भीलवाडा, गंगापुर एवं मांडलगढ केन्द्र, जिला शाहपुरा के तहत शाहपुरा, जहाजपुर एवं कोटडी केन्द्र, जिला केकडी के तहत केकडी केन्द्र इसी प्रकार जिला पाली के अन्तर्गत भा. खा. नि. मारवाड ज. व सुमेरपुर में खरीद केन्द्र खोले जाने है।

भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार राजस्थान में भारतीय खाद्य निगम द्वारा संचालित खरीद केन्द्रों पर हर वर्ष की तरह रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत गेहूं की खरीद का कार्य भारतीय खाद्य निगम डिपो ऑनलाइन सिस्टम के ई-प्रोक्योरमेंट मोड्यूल के माध्यम से किया जाएगा। इस हेतु किसानां को अपना पंजीकरण पोर्टल पर अथवा ई-मित्र, अटल सेवा केंद्र एवं अन्य माध्यम से करवाना होगा।

■ गेहूं की खरीद का कार्य भारतीय खाद्य निगम डिपो ऑनलाइन सिस्टम के ई-प्रोक्योरमेंट मोड्यूल के माध्यम से किया जाएगा

किसान अपना गेहूं बेचते समय पंजीकरण पोर्टल से अपना टोकन जारी कराएँ ताकि गेहूं खरीद सुविधापूर्वक हो सके। साथ ही रविवार एवं सरकारी अवकाश के दिन टोकन जारी ना करवाए। किसान अपने जन आधार कार्ड तथा बैंक अकाउंट में मिसमैच त्रुटि को समय रहते ठीक करवाएँ तथा जमीन की हकदारी संबंधी विसंगतियों को ठीक करवाएँ। किसान अपनी गिरदावरी चेक करें एवं कोई भी त्रुटि हो तो उसे ठीक करवाएँ। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं की खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275/- रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

भारत सरकार द्वारा किसानों को अपने नजदीकी खरीद केंद्र पर फसल बुवाई की प्रमाणिकता हेतु आवश्यक दस्तावेजों की समस्त औपचारिकताऐं पूरी करते हुए भारत सरकार के मापदंडों के अनुसार साफ़ सुथरा गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार को बेचने एवं उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु अपील की जाती है एवं भारतीय खाद्य निगम द्वारा उन्हें उनकी उपज का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में गेहू बेचने के 48 घंटों में नियमानुसार कर दिया जायेगा।

सुधीर पारीक सरवाड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ बार एसोसिएशन सरवाड़ के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को तीन पदों पर मतदान हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार पारीक को 24 मत प्राप्त हुए तथा उनके प्रतिद्वंदी प्रधान लाल जाट को 20 मत प्राप्त हुए और सुधीर कुमार पारीक अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए वहीं सचिव पद पर श्रेया शर्मा को 25 मत प्राप्त हुए उनके प्रति प्रतिद्वंदी अजय कुमार सैनी को 19 मत प्राप्त हुए जिसमें सचिव पद पर श्रेया शर्मा को विजय प्राप्त हुई तथा कोषाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार सैनी को 23 मत प्राप्त हुए तथा उनके प्रतिबंध विकास कुमार चौधरी को 21 मत प्राप्त हुए और कोषाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार सैनी विजय रहे शेष पदों पर उपाध्यक्ष पद पर दशरथ शर्मा एवं सहसचिव पद पर अंकित पीपाड़ा तथा पुस्तकालय अध्यक्ष पर पद पर भंवरलाल माली निर्विरोध निर्वाचित हुए अध्यक्ष सुधीर कुमार पारीक अध्यक्ष पद पर दूसरी बार विजय घोषित हुए हैं वहीं इस दौरान चुने हुए पदाधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया।

जिला ब्यावर बार एसोसिएशन संस्था ब्यावर के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। कुल 369 मतदाताओ में से 365 ने अपने मत का उपयोग किया। कार्यकारिणी में प्रथम स्थान पर यशवंत चौहान को 252 मत प्राप्त हुए। दूसरे स्थान पर सुरेंद्र सिंह राठौड को 237 तृतीय स्थान पर जयप्रकाश जांगिड़ सेकंड को 217, चौथे स्थान पर जय सिंह सुहावा को 215, पांचवें स्थान पर इजरायल को 208 छठे स्थान पर मुकेश भाटी को 196 और सातवें स्थान पर ब्रजमोहन चौधरी को 193 मत प्राप्त हुए। मतदान के दौरान 6 मत रद्द हुए जबकि 5 मत नोटा में डाले गए। कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना के बाद सेकंड राउंड में जॉइंट सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष की प्रारंभ की गई।

कार्यालय ग्राम पंचायत देवपुरा, पंचायत समिति मसूदा ब्यावर

कमांक : गपदेवपुरा/लेखा/एफएफसी /2023/495 — दिनांक 8.12.2023

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत देवपुरा के विभिन्न ग्राम में निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुमानित लागत 8.00 लाख रु धरोहर राशि 16000/- फार्म शुल्क 500/-, (प्रति कॉपी) टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क 500/- (प्रति कॉपी) के आनलाईन / आरटीजीएस ग्राम पंचायत के खाते दिनांक 19.12.2023 को जमा कराना होगा। निविदा दिनांक 20.12.2023 को पंचायत समिति मसूदा के ई-प्रकोष्ठ में खोली जोवगी। विस्तृत शर्ते निविदा फार्म उल्लेखित है http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in ID से प्राप्त कि जा सकती है। UBN NO ZAJ2324WSOB00548

सरपंच
ग्राम पंचायत देवपुरा, पंचायत समिति मसूदा, (ब्यावर)

कार्यालय ग्राम पंचायत खरवा, पंचायत समिति मसूदा ब्यावर

कमांक : पसम/लेखा/एफएफसी /2023/492 — दिनांक 8.12.2023

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत खरवा पंचायत समिति मसूदा के विभिन्न ग्राम में निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुमानित लागत 23.00 लाख रु धरोहर राशि 46000/- फार्म शुल्क 500/-, टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क 500/-आरटीजीएस/आनलाईन ग्राम पंचायत मे दिनांक 19.12.2023 को जमा कराना होगा। निविदा दिनांक 20.12.2023 को पंचायत समिति मसूदा के ई-प्रकोष्ठ में खोली जोवगी। विस्तृत शर्ते निविदा फार्म उल्लेखित है http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in ID से प्राप्त कि जा सकती है।

UBN NO ZAJ2324WSOB00549

सरपंच,
ग्राम पंचायत खरवा, पंचायत समिति मसूदा, (ब्यावर)

सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का सत्यापन बकाया

भीलवाड़ा, (निसं.)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत सभी पेंशन योजना से प्रदेश के सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन प्राप्ति के लिए प्रतिवर्ष दिसम्बर माह में वार्षिक सत्यापन करवाया जाना आवश्यक होता हैं। इस सन्दर्भ में जिले में अभी तक 2 लाख 94 हजार 134 लाभार्थी पेंशनर्स द्वारा वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया गया हैं।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि M/s J.L. Daga Mines & Minerals Pvt Ltd. M.L. No. 07/95, Area 135.325 Hectare, Quartz and feldspar Mining Project, Proposal No. 413563. Located Near Village Kalera, Tehsil Kekri, Ajmer (Raj.) में राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण जयपुर राजस्थान द्वारा पत्र संख्या F1 (4) SEIAA/ SEAC-Raj/ Sectt/ Project/ Cat. B1 (22860)/ 2022-23 दि. 3/11/2023 द्वारा पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी है। उक्त आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Shri Yogesh Kumar Agarwal. M.L. No. 59/2018, Area 1.00 Hectare, Granite Mining Project, Proposal No. 416618. Located at Village Kachariya, Tehsil Kishangarh, Ajmer (Raj.) में राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण जयपुर राजस्थान द्वारा पत्र संख्या F1 (4) SEIAA/ SEAC-Raj/ Sectt/ Project/ Cat. B1 (22877)/ 2023-24 दि. 8/11/2023 द्वारा पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी है। उक्त आदेश की प्रति विभागीय वेबसाईट parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

अभिभाषक संघ परबतसर के जगदीश सिंह अध्यक्ष बने

परबतसर बार संघ के शुक्रवार को चुनाव सम्पन्न हुए।

परबतसर, (निसं.)। परबतसर बार संघ के शुक्रवार को चुनाव सम्पन्न कराये गये। चुनाव प्रभारी गोपालराम पुनिया ने बताया कि सह चुनाव प्रभारी मुरलीराज सिंह राठौड़ के द्वारा करवाये चुनाव में अभिभाषक संघ परबतसर ने सर्वसम्मति से जगदीश सिंह राठौड को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मूलचंद सोलंकी, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह राठौड, सचिव कन्हैयालाल आचार्य, कोषाध्यक्ष सोहनलाल रामावत, सहसचिव ऋषि बोहरा, जगदीश नांगलिया, अश्विनी भादू पुस्तकालय अध्यक्ष, दीनानाथ योगी मीडिया प्रभारी व प्रहलाद राम मिर्धा, माधोप्रसाद व्यास, बिरधाराम चौधरी , रमेश चंद्र बोहरा, श्याम सुंदर चौहान, अरूण कुमार माथुर को संरक्षक बनाया गया।

इस दौरान अन्य अधिवक्ता अनिल जोशी, प्रेमप्रकाश जोशी, रामनिवास दिवाकर, प्रेमाराम बुगालिया, रफीक मोहम्मद, पवन शर्मा, राजेश चौधरी, पंकज पुरोहित, विजेन्द्र सिंह, दिनेश चंद्र मालाकार, गजराज चौहान, बनवारी लाल शर्मा, राकेश घारू, श्याम निरजंन बोहरा, अब्दुल मजीद, जितेंद्र बरवड, अजीज खान, अभिनव जोशी, आशीष शर्मा, राघव शर्मा, देवेन्द्र मालाकार, सुब्रात अली, सुशील स्वामी, हितेंद्र स्वामी, शैतानसिंह नडवा, भवानी सिंह खिदरपुरा, गोपाल मिर्धा, नरेश वैष्णव, राजीव जोशी, घनश्याम सेलवाड़, शुभम शर्मा, परवेज वसीम, मुंशी बाबूलाल , सत्यनारायण टांक, धीरज शर्मा, देवराज पारीक आदि भी उपस्थित थे।

भीलवाड़ा में आयोजित शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित

भीलवाड़ा, (निसं.)। भारत में प्राईवेट सेक्टर का सबसे बड़ा बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपने 14 वें वर्ष में दिसंबर माह के दूसरे शुक्रवार को फ्लैगशिप सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत एचडीएफसी बैंक व लायंस क्लब भीलवाड़ा स्टार के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन एसके प्लाजा में किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नितिन स्पिनर्स के एमडी दिनेश नौलखा, संगम यूनिवर्सिटी के प्रमुख वित्त एवं लेखा अधिकारी सतीश यादव, संगम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर करुणेश सक्सेना ने फीता काटकर किया।

शिविर में रामस्नेही ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से 105 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक के रिटेल बैंकिंग क्लस्टर हेड गौरव नागपाल, ऑपरेशन क्लस्टर हेड अंकुर टंडन, अजमेर रोड ब्रांच मैनेजर दिलीप काबरा, रोहित जैन, मयंक शर्मा, निशांत जैन, अर्पित जैन, हितेश तिवारी मयंक शर्मा, आयुष आगाल दशरथ सिंह मनीष पोरवाल सहित रक्तदाता सहित बडी संख्या में रक्तदान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि दिनेश नौलखा ने कहा कि बहुत अच्छा कदम है कि अवेयरनेस के लिए उन्होंने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान करने से दूसरे की जिंदगी बनती है बहुत ही अच्छा कदम है।

रक्त को किसी कंपनी में नहीं बनाया जा सकता। मानव शरीर ही रक्त बनाने की कंपनी है। मैं उम्मीद करता हूं आगे भी इसी प्रकार के कदम जारी रखेंगे बाकी अन्य बैंक भी इनसे सीखेंगे। एचडीएफसी बैंक के ऑपरेशन क्लस्टर हेड अंकुर टंडन एवं रिटेल बैंकिंग क्लस्टर हेड गौरव नागपाल ने कहा कि एचडीएफसी की सारी टीम लगी है हर साल नेक काम में साथ देती है। रक्तदान शिविर में लायंस क्लब भीलवाडा स्टार का विशेष सहयोग रहा। इसी प्रकार आई चेकअप, हेल्थ चेकअप सेवा कार्य में जुडे हुए हैं।

गर्भवती महिला से छेड़छाड़

भीलवाड़ा, (निसं.)। शाहपुरा जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में एक गर्भवती महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने पर 9 व्यक्तियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज हुआ है । थाना प्रभारी धर्मेश दायमा ने बताया कि पीडित महिला के पति रामराज कंजर ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसकी पत्नी फतेहगढ़ से गांव आ रही थी ,इसी दौरान धनराज , परमेश्वर धर्मराज तीनों ने शराब के नशे में पत्नी को अकेला देख उसे उसकी छेड़छाड की और उसकी लज्जा भंग करने का प्रयास किया । उसे जमीन पर गिराकर मारपीट की।

अद्धर्वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र बांटे

ब्यावर, (निसं)। जिला समान अद्धर्वार्षिक परीक्षा 2023,24 ब्लॉक जवाजा के प्रश्न पत्र राजकीय जैन गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर से प्रधानाचार्य नीतू विजय के निर्देशन में वितरित किए गए। राजस्थान शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 11 दिसंबर से परीक्षाऐ प्रारंभ हो रही है।

जवाजा ब्लॉक की समस्त राजकीय तथा गैर राजकीय विद्यालयों के प्रश्न पत्र समस्त प्रधानाचार्य और संस्था प्रधानों को उनकी विद्यालय के छात्र संख्याओ के अनुसार प्रदान कर दिए गए। संयोजक जिला समान परीक्षा अब्दुल हनीफ खान, सहसंयोजक राजेंद्र प्रजापति, परमेश्वर सिंह चौहान ने वितरण केंद्र की समस्त व्यवस्थाएं देखकर संतोष व्यक्त किया। प्रश्न पत्र वितरण गौतम कुमार सोलंकी, प्रशासनिक अधिकारी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा, प्रधानाचार्य नेमीचंद यादव, गजेंद्र कुमार तुनगरिया, उपप्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल, निर्मल खींचा, नारायण सिंह, सुरेंद्र कोठारी और अनिरुद्ध शर्मा द्वारा समुचित रूप से समस्त 144 विद्यालयों के प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda — शाखा: गुलाबपुरा, जिला भीलवाडा (राजस्थान) मोबाईल नम्बर: 8094007068

वाहन ई-नीलामी हेतु निविदा सूचना

ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को "जहाँ है", "जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय करने हेतु आमंत्रित की जाती है वाहन के लिये केवाईसी प्रस्ताव के साथ आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत बयाना राशि, खाता संख्या 10220015181869, IFSC Code : BARB0GULABP ('BARB' के बाद ZERO है) बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा- गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा (राज.) के पक्ष में NEFT/RTGS/DD/BC एवं अन्य माध्यम से देय हो। बैंक किसी भी प्रस्ताव और नीलामी को किसी भी कारणवश निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। वाहन के निरीक्षण हेतु शाखा से सम्पर्क करें। विक्रय किये जाने वाले वाहन का विवरण निम्नानुसार है:-

ऋणी का नाम एवं पता	श्री नेमी चंद जोशी गगेरा तह. हुरडा, गुलाबपुरा, राजस्थान-311021	
बकाया राशि	वाहन का प्रकार तथा पंजीयन क्रमांक	आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि
रु. 1.86 लाख + ब्याज शामिल करते हुए एवं अन्य खर्च	Hyundai Motors Santro Color – White Model – 2009 Reg. - RJ-06-CA-3932	रु. 49,500/- रु. 4,950/- रु. 5,000/- (पहली बोली वृद्धि के साथ लगाना अनिवार्य है)

नोट :- यार्ड किराया नीलामी राशि के अतिरिक्त होगा।
नीलामी दिनांक 20.12.2023 को 02:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समय वृद्धि के साथ) तक जरिये वेबसाईट https://bob.auctiontiger.net पर की जावेगी।
ई.एम.डी एवं के.वाई.सी दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक 19.12.2023 दोपहर 4 बजे तक। नीलामी के विस्तृत नियम व शर्तों हेतु दिए गए लिंक https://bob.auctiontiger.net एवं बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.bankofbaroda.co.in का संदर्भ लेवें। अधिक जानकारी के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा (राज.), मो. नं. 8094007068 एवं राजवंशी एण्ड एसोसिएट्स एनफोर्समेन्ट कन्सल्टेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, मो. नं. 9314668454 पर संपर्क करें। हस्ता.
दिनांक: 04.12.2023 — अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
स्थान: भीलवाडा (राज.) — बैंक ऑफ बडौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda — शाखा- सहाड़ा, जिला भीलवाडा (राजस्थान) मोबाईल नम्बर: 8094007078

वाहन ई-नीलामी हेतु निविदा सूचना

ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को "जहाँ है", "जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय करने हेतु आमंत्रित की जाती है वाहन के लिये केवाईसी प्रस्ताव के साथ आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत बयाना राशि, खाता संख्या 11880015181869, IFSC Code: BARB0SAHBHI ('BARB' के बाद ZERO है) बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा- सहाड़ा, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) के पक्ष में NEFT/RTGS/DD/BC एवं अन्य माध्यम से देय हो। बैंक किसी भी प्रस्ताव और नीलामी को किसी भी कारणवश निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। वाहन के निरीक्षण हेतु शाखा से सम्पर्क करें। विक्रय किये जाने वाले वाहन का विवरण निम्नानुसार है:-

ऋणी का नाम एवं पता	श्री रूप नारायण गुर्जर झुमपुरा पो. अमली, तह. सहाड़ा, भीलवाड़ा, राजस्थान-311806	
बकाया राशि	वाहन का प्रकार तथा पंजीयन क्रमांक	आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि
रु. 2.81 लाख + ब्याज शामिल करते हुए एवं अन्य खर्च	Ford Figo Color – White Model – 2013 Reg. – RJ-06-CB-6564	रु. 45,000/- रु. 4,500/- रु. 5,000/- (पहली बोली वृद्धि के साथ लगाना अनिवार्य है)

नोट :- यार्ड किराया नीलामी राशि के अतिरिक्त होगा।
नीलामी दिनांक 20.12.2023 को 02:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समय वृद्धि के साथ) तक जरिये वेबसाईट https://bob.auctiontiger.net पर की जावेगी।
ई.एम.डी एवं के.वाई.सी दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक 19.12.2023 दोपहर 4 बजे तक। नीलामी के विस्तृत नियम व शर्तों हेतु दिए गए लिंक https://bob.auctiontiger.net एवं बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.bankofbaroda.co.in का संदर्भ लेवें। अधिक जानकारी के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा सहाड़ा, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान), मो. नं. 8094007078 पर संपर्क करें। हस्ता.
दिनांक: 04.12.2023 — अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
स्थान: भीलवाडा (राज.) — बैंक ऑफ बडौदा

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की माकडवाली योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 61 व 62 क्षेत्रफल 400 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्रीमती रश्मि मंगल पत्नि श्री रवि मोहन मंगल निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 13/11/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री 1. रवि मोहन मंगल (पति) 2. मोहित मंगल पुत्र श्री रवि मोहन मंगल 3. मीना मंगल पुत्री रवि मोहन मंगल निवासी 21/12 मदन भवन पी.आर मार्ग अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री रवि मोहन मंगल निवासी 21/12 मदन भवन पी.आर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 04/12/2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई स्वीकार आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा (भीलवाड़ा)

क्रमांक : तामीरात/1484 — उजरदारी नोटिस — दिनांक : 8.12.2023

श्री शीतल वैष्णव पिता कृष्ण गोपाल वैष्णव नि. इन्द्रा कॉलोनी निवासी गुलाबपुरा वार्ड नम्बर शिवचरण माथुर कॉलोनी भू.सं. 1 E 5 (30 × 64) द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भू-खण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुये एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी। पत्रावली एवं दस्तावेजो का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पडौस विवरण :-
पूर्व : भू.सं. 1 E 6 — पश्चिम : भू.सं. 1 E 4
उत्तर : आम रास्ता — दक्षिण : भू.सं. 1 E 19

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, गुलाबपुरा

'सुख-शांति के लिए दान-पुण्य करना जरूरी'

अजमेर, (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर संस्था पार्श्वनाथ कॉलोनी, वैशालीनगर के तत्वावधान में आयोजित पांच माह के चातुर्मास समापन के बाद शुक्रवार को पूज्य गुरूदेव श्रीरूपचंदजी म.सा. के शिष्य, मरूधरा भूषण, शासन गौरव, प्रवर्तक पूज्य गुरूदेव श्री सुकन मुनिजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती युवा तपस्वी मुकेश मुनिजी म.सा. आदि ठाणा ने शुक्रवार सुबह शास्त्री नगर से विहार करके पदम चंद रणजीत कुमार, अजित कुमार गेहलडा के प्लाट पर पहुंचे। वहां पर आयोजित प्रवचन में हितेश मुनि जी मासा ने कहा कि हम संसार के लिए जगे हुए है, लेकिन अपने भीतर से जगे हुए नहीं है। जब तम मनुष्य भीतर से नहीं जगेगा उसका कल्याण नहीं हो पाएगा।

अजमेर के शास्त्री नगर से विहार करके पदम चंद रणजीत कुमार के प्लाट पर आए हितेश मुनी जी मासा ने प्रवचन दिए।

हमारे पास काफी किताबें भी है। हम उसको पढते भी है लेकिन अच्छी बातों को अनदेखा कर देते है इसलिए मनुष्य को अपने जप तप त्याग तथा अच्छे कार्यों को हमेश करने का प्रयास करना चाहिए। वही हरिश मुनि जी मा.सा. ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के एक वचन में असर होता है। वचन में कभी भी दरिद्रता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने दान के महत्व की व्याख्या करते हुए कहा की दान इतना भी नही करना चाहिए कि किराए के मकान में रहना पडे तथा इतना भी संठाह नहीं करना चाहिए कि वह धर्म के कोई काम नहीं आए तथा मनुष्य को जो भी मिलता है वह भगवान के आर्शीवाद से ही मिलता है। सुख शान्ति समद्धि के लिए दान पुण्य करते रहना चाहिए।हमेश धर्म ध्यान, सामायिक पूजा पाठ शुभ कर्मों का बन्धन यही हमारी मनोकामना को पूर्ण करता है। उन्होंने कहा कि मुनष्य आता है तो पुण्य व पाप लेकर आता है तथा जाता है तो भी पुण्य व पाप लेकर जाता है। इस अवसर पर संगीता, सपना प्रतिभा व राखी गेहलडा ने स्वागत गीत गाया ।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda — शाखा- भगवानपुरा, जिला-भीलवाडा (राज.) मोबाईल नम्बर 8094007063

वाहन ई-नीलामी हेतु निविदा सूचना

ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को "जहाँ है", "जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय करने हेतु आमंत्रित की जाती है वाहन के लिये केवाईसी प्रस्ताव के साथ आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत बयाना राशि, खाता संख्या 14550015181869, IFSC Code: BARB0BHABHI ('BARB' के बाद ZERO है) बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा भगवानपुरा, जिला भीलवाडा (राजस्थान) के पक्ष में NEFT/RTGS/DD/BC एवं अन्य माध्यम से देय हो। बैंक किसी भी प्रस्ताव और नीलामी को किसी भी कारणवश निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। वाहन के निरीक्षण हेतु शाखा से सम्पर्क करें। विक्रय किये जाने वाले वाहन का विवरण निम्नानुसार है:-

ऋणी का नाम एवं पता	श्री ओंकार पुत्र श्री गोकूल गुर्जर ग्राम-दुदिया, पोस्ट ऑफिस-बोरेला, आसींद, भीलवाड़ा, राजस्थान-311032		
बकाया राशि	वाहन का प्रकार तथा पंजीयन क्रमांक	आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि	निरीक्षण का स्थान
रु. 9.02 लाख + ब्याज शामिल करते हुए एवं अन्य खर्च	TRACTOR MF 241 DI Color – RED, Model – 2008 Reg. -RJ-06-RA-5192	रु. 1,25,000/- रु. 12,500/- रु. 10,000/- (पहली बोली वृद्धि के साथ लगाना अनिवार्य है)	राजवंशी पार्किंग यार्ड, टोंक (शंकर चौधरी 9314011894, 9057513944), (राज.)

नोट:- यार्ड किराया नीलामी राशि के अतिरिक्त होगा।
नीलामी दिनांक 20.12.2023 को 02:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे (प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समय वृद्धि के साथ) तक जरिये वेबसाईट https://bob.auctiontiger.net पर की जावेगी।
ई.एम.डी एवं के.वाई.सी दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक 19.12.2023 दोपहर 4 बजे तक। नीलामी के विस्तृत नियम व शर्तों हेतु दिए गए लिंक https://bob.auctiontiger.net एवं बैंक ऑफ बडौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.bankofbaroda.co.in का संदर्भ लेवें। अधिक जानकारी के लिए बैंक ऑफ बडौदा, शाखा भगवानपुरा, जिला भीलवाडा (राजस्थान), मो. नं. 8094007063 एवं राजवंशी एण्ड एसोसिएट्स एनफोर्समेन्ट कन्सल्टेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, मो. नं. 9314668454 पर संपर्क करें। हस्ता.
दिनांक: 29.11.2023 — अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
स्थान: भीलवाडा (राज.) — बैंक ऑफ बडौदा